लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1332

28 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

हथकरघा संकुल

1332. श्री राजीव प्रताप रूडी:

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा देश में विशेष रूप से बिहार में गत तीन वर्षों में विकसित किए गए वर्तमान हथकरघा संकुलों की संख्या एवं तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उनमें नियोजित लोगों को क्या रियायतें/लाभ प्राप्त हुए हैं;

(ख) क्या बिहार में हथकरघा स्कूलों की स्थापना करने हेतु कोई नया प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस उद्देश्य हेतु कितनी राशि आवंटित की गई है तथा इसके लिए चिन्हित किए गए स्थानों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार बिहार में अतिरिक्त हथकरघा स्कूलों की स्थापना करने पर विचार कर रही है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क): भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय ने पिछले चार वर्षों के दौरान राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी)/व्यापक हथकरघा विकास योजना (सीएचसीडीएस) के तहत बिहार सहित पूरे देश में 412 ब्लॉक स्तरीय हथकरघा क्लस्टर स्वीकृत किए हैं जिसमें 2,96,809 लाभार्थियों को शामिल किया गया और 215.63 करोड़ रूपये जारी किए हैं। इस योजना के तहत उत्पाद विविधीकरण, डिज़ाइन इनोवेशन, कार्यशाला, साझा सुविधा केंद्र (सीएफसी), प्रौद्योगिकी उन्नयन, कौशल उन्नयन तथा लाइटिंग ईकाइयों के लिए सहायता जैसे लाभ प्रदान किए जाते हैं।

(ख) से (घ): राज्य सरकार से अर्थक्षम प्रस्ताव प्राप्त होने पर मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार उन पर भारत सरकार द्वारा विचार किया जाता है।

*****